तापमान
अधिकतम 37.1 डिग्री
न्यूनतम 22.6 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, बुधवार, 24 सितंबर 2025

14 अनाज मंडी में धान की खरीद शुरू, 25 हजार क्विंटल धान...



14 300 ग्रामीणों को बांटी गई औषधियां औषधीय...



## मां के मंदिरों में गूंजे गगनभेदी जय माता के जयकारे

# शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन श्रद्धालुओं ने मंदिरों में जाकर की मां के दूसरे स्वरूप ब्रह्माचारिणी शक्ति की आराधना

### मां बाला सुंदरी के मंदिर में 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन मंगलवार को जिले भर के मां के मंदिरों में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर मां के द्वितीय स्वरूप ब्रह्माचारिणी की पूजा अर्चना की। खास बात यह रही कि दूसरे नवरात्र पर यमुनानगर की सीमा पर त्रिलोकपुर में स्थित मां बाला सुंदरी के मंदिर में करीब 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने पहुंचकर मां को नारियल, चुनरी व अन्य सामग्री चढ़ाकर मां की पूजा अर्चना की।

#### ब्रह्माचारिणी का स्वरूप है ज्योतिर्मयी

रीदुर्गा मंदिर के पुजारी पंडित मोहन लाल शर्मा का कहना है कि ब्रहम में लीन होकर तप करने के कारण मां के दूसरे स्वरूप को ब्रह्माचारिणी कहा जाता है। मां का यह स्वरूप ज्योतिर्मयी एवं भव्य है। मां के इस दिव्य स्वरूप का ध्यान हमारे विचारों का परिमार्जन करता है। नकारात्मकता से दूर कर हमारे भीतर सकारात्मकता का संचार करता है। हमें जीवन के कठिन संघर्षों में भी धैर्य, आशा व विश्वास के साथ आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि मां के इस स्वरूप की अराधना करने से व्यक्ति संकटो से मुक्ति पा लेता है।





यमुनानगर। माता के मंदिर में दर्शन करने के लिए लाइनों में खड़े श्रद्धालु व मंदिर के बाहर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़। फोटो : हरिभूमि

#### भजन कीर्तन का हुआ आयोजन

मां के दूसरे नवरात्र पर जिले में कई स्थानों पर श्रद्धालुओं ने अपने घरों पर भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। मॉडल टाऊन में आयोजित भजन कीर्तन में राहुल एंड पार्टी ने अपने भजनों के माध्यम से मां की महिमा का गुणगान कर भक्तों को भाव विभोर कर दिया।

मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

#### मां बाला सुंदरी के मेले में पहुंचे हजारों श्रद्धालु

मां के दूसरे नवरात्र पर मंगलवार को हरियाणा की सीमा पर त्रिलोकपुर में स्थित मां बाला सुंदरी के मेले में करीब 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने पहुंचकर माता के दर्शन किए। मौके पर श्रद्धालुओं ने ध्वज, नारियल व चुनरी समेत मां के श्रृंगार का सामान भेंट कर अपने परिवार के लिए सुख शांति की कामना की।

### खबर संक्षेप

#### देसी पिस्टल के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ के गांव गधौली के पास से अवैध देसी पिस्टल व दो जिंदा रौंद रखने के मामले में पुलिस ने आरोपी नितेश कुमार को गिरफ्तार किया है। सीआईए-1 के निरीक्षक हरजिंद्र सिंह ने बताया कि 22 सितंबर को सूचना मिली थी कि आरोपी के पास अवैध हथियार है जो किसी भी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकता है।

#### हेरोइन व कार सहित आरोपी को पकड़ा

**अंबाला।** थाना पड़ाव में प्रताप फैक्टरी के पास से नशा तस्करी के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी कमल कुमार को 18 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी को पुलिस ने 1 दिन के रिमांड पर लिया है। सीआईए-2 के निरीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि 22 सितंबर को पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है।

#### चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पड़ाव में दर्ज चोरी करने के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी निशांत कुमार उर्फ निशु व शुभम को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पुलिस ने 4 अंगूठी सोना, सोने की चेन, सोना टॉप्स, सोना पैंडल, 2 चांदी पाजेब और चांदी की चेन बरामद की गई है। परिवादी वीरेंद्र कुमार ने 22 जुलाई को शिकायत दर्ज करवाई थी।

### राज्यमंत्री ने थानेसर अनाज मंडी का किया दौरा

# प्रदेश सरकार शुरू से किसानों के साथ खड़ी है और आगे भी खड़ी रहेगी: नागर

पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने किसानों से बातचीत की और परेशानियों को जाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

खाद्य आपूर्ति नागरिक एवं उपभोक्ता मामले मंत्री राजेश नागर ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के साथ खड़ी है, पहले भी थी और आगे भी किसानों के साथ खड़ी रहेगी। प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी किसानों के हितों की लड़ाई लड़ते आ रहे हैं और देश का पहला राज्य हरियाणा बना है, जिसमें किसानों की सभी 24 फसलों को एमएसपी पर खरीदा जा रहा है। मंडियों में धान खरीद के दौरान किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत, परेशानी नहीं आने दी जाएगी। राज्यमंत्री राजेश नगर मंगलवार को थानेसर अनाज मंडी में धान की फसल के खरीद का जायजा लेने के लिए पहुंचे। मंत्री राजेश नागर, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने किसानों से बातचीत की और उनकी परेशानियों को जाना।

*प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी किसानों के हितों की लड़ाई लड़ते आ रहे हैं और देश का पहला राज्य हरियाणा बना है, जिसमें किसानों की सभी 24 फसलों को एमएसपी पर खरीदा जा रहा है।*



पिहोवा। अनाज मंडी में खरीद कार्यों का जायजा लेते खाद्य आपूर्ति, नागरिक एवं उपभोक्ता मामले विभाग मंत्री राजेश नागर। फोटो : हरिभूमि

#### अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

मंत्री राजेश नागर ने अधिकारियों को कुछ आवश्यक दिशा निर्देश दिए। राज्यमंत्री राजेश नागर ने कहा कि सरकार ने धान के सीजन को देखते हुए 15 सितंबर से पहले ही सभी अधिकारियों को अनाज मंदिरों में व्यवस्थाओं के पुख्ता प्रबंध करने के निर्देश दे दिए गए थे सभी प्रबंध को देखते हुए और किसने की फसल की मंडी में पहुंचने के बाद ही पहली बार 22 सितंबर से ही खरीद को शुरू करवा दिया गया है, जबकि यह खरीद का कार्य पहले 1 अक्टूबर से शुरू होता था। उन्होंने कहा कि किसानों की धान खरीद को लेकर प्रदेश सरकार पूरी तरह से गंभीर है।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर भाजपा नेता सुभाष कलसाना, सतीश सैनी, पालाराम ढांड, राजेश कंसल इस्माइलाबाद, हंसराज सिंगला प्रधान, मक्खन सिंगला, रमेश चंद, राजकुमार गुप्ता करनाल, जयसिंह सोलूमाजरा, अमरजीत छाबड़ा, राजेंद्र कुमार, सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

#### सरकार ने राईस मिलर्स के बोनस और होर्डिंग चार्ज जैसी मांगों को किया पूरा

**पिहोवा।** खाद्य आपूर्ति, नागरिक एवं उपभोक्ता मामले विभाग मंत्री राजेश नागर ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने राईस मिलर्स की बोनस और होर्डिंग चार्ज जैसी सभी मांगों को मान लिया है। इस सीजन में सरकार व्यापारियों को रत्ती भर भी परेशानी नहीं आने देगी और व्यापारियों से अपील है कि किसानों को भी किसी प्रकार की परेशानी ना आने दे। इसके अलावा व्यापारियों की जो भी कुछ दिक्कते है उन्हें भी पूरा कर दिया जाएगा। वर्ष 2024-25 होर्डिंग चार्ज को माफ किया गया। इसको लेकर प्रदेश के अधिकारियों और केंद्रीय मंत्री से बातचीत की गई है। राज्यमंत्री राजेश नागर मंगलवार को पिहोवा में राइस मिलर्स द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पूर्व मंत्री राजेश नागर, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष ने शहीद भगत के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का विधिवत रूप से शुभारंभ किया। राइस मिलर्स पिहोवा प्रधान सतीश सैनी ने अतिथियों का स्वागत किया और राइस मिलर्स की मांगों को रखा। राज्यमंत्री राजेश नागर ने कहा कि हरियाणा कृषि प्रधान प्रदेश है। यहां पर यदि किसान दुखी होता है तो मानो प्रदेश सरकार ही दुखी है। राइस मिलर्स की तरफ से किसानों को कोई दिक्कत नहीं आनी चाहिए।

### आधा दर्जन पर केस दर्ज

## परिवारिक विवाद को लेकर सगे भाई ने किया हमला

#### लोहे की रॉड से हमला करने का आरोप, पुलिस कर रही है मामले की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

परिवारिक विवाद में एक व्यक्ति ने अपने ही सगे भाई पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। यह वारदात अंबाला सदर थाना क्षेत्र के बाड़ा गांव में हुई, जहां दो भाइयों के बीच जमीन और घर को लेकर लंबे समय से चल रहे के विवाद को लेकर मारपीट हुई। घायल युवक की पहचान गुरमीत सिंह के रूप में हुई है, जो इस समय अंबाला शहर के नागरिक अस्पताल में उपचाराधीन है। गुरमीत पर हमला करने का आरोप उसके सगे भाई शमशेर सिंह और उसके साथ आए चार–पांच अन्य लोगों पर लगा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सोमवार की देर शाम गुरमीत सिंह किसी कार्य से अपने गांव के पुराने घर गया हुआ था। उसी दौरान वहां पर पहले से मौजूद उसका भाई शमशेर सिंह, अपने कुछ साथियों के साथ वहां पहुंचा और गुरमीत पर अचानक हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने लोहे की रॉड और लाठियों से गुरमीत के सिर और शरीर पर कई वार किए, जिससे वह घायल हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल गुरमीत को अंबाला शहर के नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है।



अंबाला। परिवारिक विवाद में जख्मी व्यक्ति। फोटो : हरिभूमि

#### परिवारिक मकान को लेकर विवाद

पीड़ित गुरमीत की पत्नी सुनीता देवी ने बताया कि बीते कुछ समय से उनके पति और देवर शमशेर सिंह के बीच परिवारिक मकान को लेकर विवाद चल रहा था। पंचायत के फैसले के अनुसार गुरमीत और सुनीता किराए के मकान में रह रहे थे, जबकि गांव वाला घर अभी बंद पड़ा था और उसकी चाबी गुरमीत के पास थी। सुनीता ने आरोप लगाया कि उन्हें सोमवार को सूचना मिली कि शमशेर सिंह गांव वाले घर का ताला तोड़कर अंदर रखे कीमती सामान की चोरी कर रहा है। जब गुरमीत वहां पहुंचा और अपने भाई को रंगे हाथों देखा तो शमशेर ने बिना कोई बात सुने अपने साथियों के साथ मिलकर उस पर हमला कर दिया।

## छह वर्षीय बच्ची से की अश्लील हरकत, केस

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

- फल खिलाने के बहाने से बच्ची को घर ले गया था व्यक्ति, पुलिस ने आरोपी के खिलाफ किया पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज

सदर यमुनानगर थाना क्षेत्र के एक गांव में व्यक्ति ने छह वर्षी बच्ची को फल खिलाने के बहाने से घर ले जाकर उसके साथ अश्लील हरकतें की। पुलिस ने बच्ची के पिता की शिकायत पर आरोपी व्यक्ति के खिलाफ आठ पोक्सो एक्ट समेत अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

सदर यमुनानगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 22 सितंबर को शाम छह बजे उसकी छह वर्षीय बच्ची घर के बाहर खेल रही थी। इस दौरान उनके पड़ोस में रहने वाला ओमकार उर्फ ओमी उसकी लड़की को फल खिलाने के बहाने से अपने साथ घर ले गया। जहां आरोपी ने उसकी लड़की के साथ अश्लील हरकतें की। आरोपी ने उसकी लड़की को इस बारे में किसी को बताने पर डराया और धमकाया। जब वह बच्ची को खोज रहे थे तो बच्ची ने घर आकर उन्हें घटना के बारे में बताया। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी।

#### व्यक्ति पर महिला को गलत इशारे करने का आरोप

सदर जगाधरी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 45 वर्षीय महिला ने बताया कि वह गांव में ही किसी काम से जा रही थी। इस दौरान गांव के ही रविंद्र कुमार ने उसे गलत इशारे किए। जब उसने विरोध किया तो आरोपी रविंद्र कुमार, उसकी पत्नी वीना व आशा ने उसके साथ अभद्र व्यवहार किया। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## कुत्ते के हमले में बच्चा बुरी तरह जख्मी, पीजीआई रेफर

घर के बाहर खेलते समय आवारा कुत्ते ने किया था हमला, बच्चे के गाल को नोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

सीमा से सटे पंजाब के जोधपुर गांव में मंगलवार सुबह 11 बजे एक आवारा कुत्ते ने घर के बाहर खेल रहे ढाई साल के बच्चे वैभव राणा पर हमला कर दिया। इस हमले में बच्चे का गाल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। समय रहते परिजनों ने बच्चे को बचाया और उपचार के लिए पहले अंबाला कैंट के नागरिक अस्पताल ले गए, जहां से उसे चंडीगढ़ पीजीआई रेफर किया गया।



अंबाला। कुत्ते के हमले में जख्मी बच्चा।

#### गाल पर नौ टांके लगे

सुबह करीब 11 बजे वैभव राणा अपने घर के आंगन में खेल रहा था। घर के मुख्य द्वार पर दरवाजा न होने के कारण वह खेलते-खेलते बाहर निकल गया। तभी एक आवारा कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया। कुत्ते ने बच्चे को नीचे गिराकर उसका गाल नोंच लिया, जिससे गाल फट गया। अस्पताल में उपचार परिजन बच्चे को तुरंत अंबाला कैंट के नागरिक अस्पताल ले गए। वहीं, सर्जन डॉ. तुलित ने बच्चे को एंटी-रेबीज इंजेक्शन दिए और गाल पर नौ टांके लगाए। बच्चे की हालत बिगड़ने पर डॉक्टरों ने उसे चंडीगढ़ पीजीआई रेफर कर दिया, जहां वह वर्तमान में उपचाराधीन है। वैभव के दादा शीशपाल ने बताया कि उनका पोता रोजाना की तरह आंगन में खेल रहा था।



बराड़ा। कार्यक्रम के प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए।

#### आईटीआई के छात्रों ने मचाया धमाल

- सेवा पखवाड़े के तहत आयोजित किया गया कार्यक्रम

**बराड़ा।** सेवा पखवाड़े के तहत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान होली में विद्यार्थियों द्वारा एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन गुलशन देवी, ममता रानी, दिव्या ज्योति और मीनू अनुदेशिकाओं के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पवन गुप्ता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन 'वोकल फॉर लोकल' पर प्रकाश डाला। उन्होंने जल संरक्षण और 'जल ही जीवन है' के महत्व पर भी विस्तृत जानकारी दी। डॉ. बलदेव सैनी, सुनील कुमार और अनिल कुमार ने विशेष रूप से शिरकत की। संस्थान के प्रधानाचार्य अश्विनी शर्मा ने छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक के साथ-साथ सांसारिक ज्ञान को भी जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया।

#### बाइक सवार दो युवकों ने महिला के कानों से झपटी बालियां

- पुलिस ने अज्ञात बाइक सवार युवकों के खिलाफ किया केस दर्ज

**यमुनानगर।** कस्बा छछरौली में बाइक सवार दो युवकों ने महिला के कानों से सोने की बालियां झपट ली। जिससे महिला के कानों से खून बहने लगा। पुलिस ने महिला की शिकायत पर बाइक सवार अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पीर गायब मौहल्ला छछरौली निवासी बाला देवी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 22 सितंबर को रात पौने सात बजे बाजार में खरीददारी करने के लिए जा रही थी। इस दौरान बाइक पर सवार होकर दो युवक आए। आरोपियों ने आते ही उसके कानों से सोने की बालियां झपट ली और मौके से फरार हो गए। कानों से खून बहने लगा। उसके शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर आरोपियों का पीछा कर उन्हें पकड़ने का प्रयास किया लेकिन आरोपी भागने में कामयाब हो गए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### आक्रोश: आठवें वेतन आयोग का गठन व कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने की मांग

#### सचिवालय में एसडीएम विश्वनाथ को 10 सूत्रीय मांगपत्र सौंपा

## सर्व कर्मचारी संघ के सदस्यों ने मांगों को लेकर दिया एक दिवसीय सांकेतिक धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

सर्व कर्मचारी संघ ने मांगों को लेकर मंगलवार को जगाधरी अनाज मंडी के समक्ष एक दिवसीय सांकेतिक धरना दिया। इस दौरान संघ के सदस्य नारेबाजी करते हुए सचिवालय पहुंचे। जहां उन्होंने एसडीएम विश्वनाथ को 10 सूत्रीय मांगपत्र सौंपा।

मंगलवार सुबह सर्व कर्मचारी संघ के सदस्य अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर जिला सचिवालय के सामने जगाधरी अनाज मंडी गेट पर इकट्ठे हुए। जिसकी अध्यक्षता जिला प्रधान महिपाल सौंद ने किया। इस दौरान संघ के सदस्यों ने कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, पुरानी पेंशन नीति बहाल करने, कौशल निगम कर्मचारियों को पे रोल पर लेकर 58 साल तक रोजगार सुरक्षा गारंटी देने, हरियाणा का अलग से आठवां वेतन आयोग गठित करने, वेतन विसंगतियों को दूर करने आदि अन्य मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना दिया। मौके पर एसकेएस वरिष्ठ उपप्रधान राकेश धनखड़, कोषाध्यक्ष सतीश कुमार, पवन शर्मा, विक्रम धीमान, दिनेश तंवर, मनीष तंवर, पपला, महेंद्र, रिंकु कुमार, मायाराम, अध्यापक संघ से सोहन लाल, अमरीक सिंह व जोगिंद्र आदि मौजूद थे।




यमुनानगर। जिला सचिवालय के सामने धरना प्रदर्शन करते सर्व कर्मचारी संघ के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

#### मांगों को लेकर सरकार बिल्कुल गंभीर नहीं

धरने को संबोधित करने आए मुख्य वक्ता जरनैल सिंह सांगवान व एसकेएस राज्य सचिव मांगे राम तिगरा ने बताया कि वर्तमान केंद्र व हरियाणा सरकार सरकारी विभागों के कच्चे पक्के कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर बिल्कुल गंभीर नहीं है। पिछले 11 सालों से कर्मचारी अपनी मांगों व समस्याओं के समाधान हेतु सड़कों पर उतरकर कर संघर्ष कर रही है, लेकिन सरकार कर्मचारियों की मांगों का समाधान करने की बजाए सरकारी विभागों को सिकोड़कर कमजोर कर रही है। सरकार की इन जनविरोधी नीतियों को लेकर देश भर के कर्मचारियों में भारी रोष व गुस्सा पनप रहा है। इस कारण देश भर के जिला मुख्यालयों पर एक दिवसीय धरना दिय गया।

## खबर संक्षेप

### दुष्कर्म के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**यमुनानगर।** रणजीतपुर पुलिस चौकी पुलिस ने छात्रा को अगवा कर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया। जहां से उसे रिमांड पर लिया गया है। जानकारी के अनुसार रणजीतपुलिस पुलिस चौकी इंचार्ज रमन चंदेल ने बताया कि गत 12 सितंबर को चौकी क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज करवाई कि उसकी 17 वर्षीय नाबालिक लड़की सरकारी स्कूल में 12वीं कक्षा की छात्रा है। 12 सितंबर को उसकी लड़की घर से पढ़ने के लिए स्कूल गई थी। मगर शाम तक घर वापस नहीं लौटी। काफी तलाश करने के बाद भी उसकी लड़की का कुछ भी पता नहीं चला। उन्हें शक है कि उनकी लड़की को पावंटा साहिब के गांव भगवानपुर निवासी इसराइल बहला फुसला कर भगा ले गया है। इस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी थी। इसके बाद पुलिस ने छात्रा को बरामद कर लिया। जब उसका मेडिकल करवाया गया तो उसके साथ गलत काम होने की पुष्टि हुई थी।

### युवकों ने एक व्यक्ति को पीटकर किया घायल

**यमुनानगर।** शहर के श्रीराम पार्क के पास आधा दर्जन से अधिक युवकों ने अंबेडकर नगर निवासी एक व्यक्ति को पीटकर घायल कर दिया। जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद चार आरोपियों को नामजद करते हुए तीन अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार बालकनाथ मंदिर अंबेडकर नगर निवासी शंकर ने गांधी नगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि रूसतम, जोगा, निखिल व सलमान उससे रंजिश रखे हुए थे। 22 सितंबर को रात पौने आठ बजे वह किसी काम से जा रहा था। जब वह श्री राम पार्क के पास पहुंचा तो चारों आरोपियों ने अपने तीन अन्य साथियों के साथ उसे रोक लिया। आरोपियों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। जिससे वह घायल हो गया। शोर सुनकर जब अन्य लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

### चिकित्सक पर जातिसूचक शब्द कहने का आरोप

**यमुनानगर।** जिला नागरिक अस्पताल की महिला चिकित्सक ने अस्पताल के एक वरिष्ठ चिकित्सक पर उसके साथ मोबाइल फोन पर अशोभनीय भाषा का प्रयोग करने व जातिसूचक शब्द बोलने का आरोप लगाया है। महिला चिकितस्क की शिकायत पर महिला थाना पुलिस ने मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है। महिला चिकित्सक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 20 सितंबर को उसके मोबाइल फोन पर जिला नागरिक अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक ने उसके मोबाइल फोन पर कॉल करके अशोभनीय शब्द बोलने शुरु कर दिए। उन्होने विरोध जताया तो आरोपी ने उन्हें जातिसूचक बोले और उसे जान से मारने की धमकी दी। जिसकी वजह से वह काफी आहत है। महिला थाना पुलिस ने महिला चिकित्सक की शिकायत पर आरोपी वरिष्ठ चिकित्सक के खिलाफ मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है।

ग्रामीण रामा ड्रामेटिक क्लब नाचरौन ने श्रीरामलीला में सीता माता की विदाई का मंचन किया

# श्रीरामलीला के चौथे दिन माता सीता की विदाई के दृश्यमंचन का कृषि मंत्री के बेटे राणा ने रिबन काट कर किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रादौर

ग्रामीण रामा ड्रामेटिक क्लब नाचरौन में चल रही चौदह दिवसीय श्रीरामलीला के चौथे दिन माता सीता की विदाई का दृश्य मंचन किया गया। विदाई के दृश्य मंचन में अपनी बेटी माता सीता की विदाई करते समय महाराजा जनक भावूक हो गए और उनके इस भावूकता को देखकर दर्शक भी गमगीन हो गए। चारों तरफ जय सीताराम का जयघोष होने से वातावरम रामसीतामय हो गया।

इस दौरान मुख्यातिथि के रुप में



**यमुनानगर।** नाचरौन में चल रही रामलीला में चौथे दिन दृश्य मंचन के शुभारंभ पर मुख्यातिथि को स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित करते क्लब के प्रधान व अन्य।

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री के बेटे एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता नेपाल सिंह राणा ने रिबन काटकर माता सीता के विदाई दृश्य मंचन का शुभारंभ किया। मुख्यातिथि एवं भाजपा के वरिष्ठ

**खुशी-खुशी हुई सीता की विदाई**

खुशी-खुशी माता सीता की विदाई करवाई गई। अंत में भगवान श्रीराम और माता सीता के महाराजा दशरथ समेत अयोध्या में प्रस्थान करने और अयोध्या पहुंचने पर खुशी का माहौल होने का दृश्य मंचन कर रामलीला को रात्रि विराम दिया जाता है। मौके पर क्लब के प्रधान डॉ.लाभ सिंह, निदेशक चंद्रपाल व सेठपाल, यशपाल सिंह, मुकेश जेलदार, राहुल पुंडीर, संदीप राणा आदि मौजूद थे।

नेता नेपाल सिंह राणा ने कहा कि शरदीय नवरात्र के दौरान जगह जगह रामलीलाओं का आयोजन किया जा रहा है। रामलीलाओं के आयोजनों से युवा पीढ़ी को भारत की प्राचीन संस्कृति एवं सभ्यता के बा रे में जानने का मौका मिलता है। रामलीलाएं हमारी प्राचीन भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता को जिंदा रखने का काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि रामायण के सभी पात्रों से हमें कोई न कोई शिक्षा मिलती है। जिसमें खास कर भगवान श्रीराम के जीवन से हमें मर्यादा में रहने की सीख मिलती है। वहीं, भरत के जीवन से हमें भाई प्रेम और लक्ष्मण के जीवन से हमें सेवा भाव और शत्रुघन के चरित्र से हमें प्रेम और स्नेह की सीख मिलती है। नेपाल सिंह राणा ने युवा वर्ग को नशा आदि बुराईयों को त्यागकर अपने सत्कर्मों से अपने जीवन को सफल बनाना चाहिए।

वहीं, रामलीला के चौथे दिन सीता के विदाई दृश्य मंचन में महाराजा जनक अयोध्या से बारात लेकर पहुंचे महाराजा दशरथ का सत्कार करते हैं। इसके बाद भगवान श्रीराम और माता सीता के विवाह का दृश्य मंचन किया जाता है। भगवान श्रीराम और सीता के विवाह के संपन्न होने पर विदाई की रस्म का दृश्य आयोजित किया जाता है। जिसमें माता सीता की विदाई का दृश्य काफी मार्मिक दर्शाया जाता है। जिसमें मामता सीता का पात्र और महाराजा जनक के पात्र का अभिन्य कर रहे कलाकारों की प्रतिभा देखकर दर्शक गमगीन हो गए।

माता सीता व राम की विदाई के समय सभी ऋषि मुनियों ने आशीर्वाद दिया। सभी जगह मंगल गीत गाए गए।

## कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने मुख्यातिथि के रूप में लिया भाग

# 1857 के भारतीय विद्रोह में प्रमुख व्यक्ति थे राव तुलारामः कृषि मंत्री

हरिभूमि न्यूज. ▸▸| यमुनानगर

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि वीर शहीदों की शहादत को सदियों तक याद रखा जाएगा। उन्होंने उक्त शब्द शहर के गर्ल्स कॉलेज में हरियाणा वीर एवं शहीदी दिवस के अवसर पर आयोजित राज्यस्तरीय समारोह में कहे। मौके पर उन्होंने अमर शहीद राव तुला राम के छाया चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की एवं शहीदों की स्मृति में पौधारोपण किया।

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि हम अपने बहादुर जवानों और वर्दीधारी या सेवानिवृत्त सैनिकों,अधिकारियों को भी धन्यवाद दें। जिन्होंने साहस, सम्मान और अनुशासन के साथ देश की सेवा की है। उनके बलिदान हमारे देश की शांति और प्रगति की नींव हैं। आज हम 1857 की पहली स्वतंत्रता संग्राम के नायक राव तुलाराम की याद में हरियाणा वीर शहीदी दिवस भी मना रहे हैं। राव तुलाराम 1857 के भारतीय विद्रोह में एक प्रमुख व्यक्ति थे। जो हरियाणा के रेवाड़ी रियासत से थे। ब्रिटिश शासन के खिलाफ स्वतंत्रता संग्राम में उनके साहसी नेतृत्व और योगदान के लिए उन्हें हरियाणा का नायक माना जाता है।




**यमुनानगर।** के गर्ल्स कॉलेज में आयोजित शहीदी दिवस समारोह में संबोधित करते हुए।

**हरियाणा वीरों की भूमि**

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि हरियाणा की धरती हमेशा से वीरों की भूमि रही है चाहे 1857 की क्रांति हो चाहे कारगिल का युद्ध या फिर देश के भीतर चुनौतियां आई हों हरियाणा के रणबाकुरों ने हमेशा आगे बढकÞर देश की सेवा की है। हमारे सैनिक और अर्ध सैनिक बलों के जवान न सिर्फ सीमाओं पर ही नहीं लड़ते हैं। बल्कि आपदाओं, आंतकी हमलों और अन्य संकट के समय देशवासियों के लिए ढाल बनकर खड़े रहते हैं।

राव तुलाराम ने रेवाड़ी को ब्रिटिश शासन से सफलतापूर्वक मुक्त कराया और वहां अपना प्रशासन स्थापित किया।

उन्होंने दिल्ली में लड़ रहे विद्रोहियों की भी मदद की। राव तुलाराम से जुड़ा एक महत्वपूर्ण युद्ध 16 नवंबर 1857 को नारनौल का युद्ध था। जिसमें उनकी सेना ने ब्रिगेडियर जनरल गेराड के नेतृत्व वाली ब्रिटिश सेना से लड़ाई लड़ी। उनका त्याग, अनुशासन और समर्पण हम सब के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। आज का दिन केवल श्रद्धांजलि देने का दिन नहीं है। बल्कि यह संकल्प लेने का दिन है कि हम अपने वीर सैनिकों के बलिदान को व्यर्थ नहीं जाने देंगें। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने 27 दिसंबर 2016 को भूतपूर्व सेवारत सैनिकों,अर्धसैनिक बलों और उनके आश्रितों के कल्याण के लिए सैनिक एवं अर्धसैनिक कल्याण विभाग की स्थापना की है।




**रादौर।** लाइक पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल रादौर में हुआ आयोजन।

## गुरु तेग बहादुर सिंह के शहीदी दिवस पर किया विभिन्न गतिविधियों का आयोजन

*रादौर। लाइक पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल रादौर में मंगलवार को गुरु तेग बहादुर सिंह का शहीदी दिवस मनाया गया। इस दौरान गुरु तेग बहादुर सिंह के बलिदान को याद करते हुए विद्यालय की ओर से विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्या नेहा देवी ने विद्यार्थियों को अधिकारों एवं कर्तव्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गुरु तेग बहादुर सिंह जी ने न केवल अपने धर्म बल्कि सम्पूर्ण मानवता, समाज व राष्टÑ की रक्षा हेतु अपने प्राणों की आहुति दी। उनका जीवन हमें यह शिक्षा देता है कि सत्य, न्याय व धर्म की रक्षा के लिए निडर होकर बलिदान देना चाहिए। विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने खूब बढ़-चढ़ कर भाग लिया। बच्चों ने भाषण, वाद-विवाद, निबंध लेखन, पोस्टर बनाने जैसी गतिविधियों में शामिल होकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मौके पर सभी प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया गया।*



**यमुनानगर।** एंटी व्हीकल थैफ्ट सेल द्वारा पकड़ा गया आरोपी बाइक चोर।

## एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल की टीम ने बाइक चोर को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज. ▸▸| यमुनानगर

जिला पुलिस की एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल की टीम ने कलानौर बार्डर से एक बाइक चोर को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के दौरान आरोपी से चोरी की बाइक व एक्टिवा बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सेल के इंचार्ज राजेश कुमार ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली थी एक युवक चोरी की एक्टिवा को लेकर कलानौर बार्डर से होता हुआ उत्तर प्रदेश की तरफ जाएगा।

इस सूचना के आधार पर मुख्य सिपाही हरबिलास, धर्मेंद्र, योगेश, रविंद्र व नरेश के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर जाकर नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू कर दी। कुछ देर बाद टीम को एक युवक एक्टिवा में आता दिखाई दिया। टीम ने उसे रोककर उसके दस्तावेजों की जांच करवाने के लिए बोला तो आरोपी दस्तावेजों की जांच नहीं करवा सका। पुलिस ने जब आरोपी से सख्ती से पूछताछ की तो आरोपी ने एक्टिवा चोरी करने की वारदात कबूली। आरोपी ने यह बाइक 15 सितंबर को थाना शहर यमुनानगर क्षेत्र से चोरी की थी। पूछताछ में आरोपी की पहचान रणजीत कॉलोनी कैंप निवासी दिलीप चंद के नाम से हुई। इसके साथ ही आरोपी ने 20 मई को 2024 को थाना गांधीनगर क्षेत्र से एक बाइक चोरी करने की वारदात को खुलासा किया।

### न्यायिक हिरासत में भेजा

आरोपी चोरी की बाइक को लेकर कलानौर होता हुआ उत्तर प्रदेश जा रहा था। मगर इस दौरान बाइक का पैट्रोल खत्म हो गया था। आरोपी ने बाइक लावारिस हालत में कलानौर पुल के पास फेंक दी थी। पुलिस ने इस बाइक को पहले ही बरामद कर लिया था। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक के हिरासत में भेज दिया।

# 60 शिक्षकों को दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| .रादौर

ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल सांगीपुर में विषय विशेष क्षमता वृद्धि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल की प्रधानाचार्य रीतू सिंगला ने कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में भाग लिया। वहीं, मुख्य वक्ता के रुप में सरस्वती पब्लिक स्कूल जगाधरी की प्रधानाचार्या तरनप्रीत कौर व एसडी पब्लिक स्कूल जगाधरी की अंग्रेजी विषय की अध्यापिका शीतल सेठ ने भाग लिया। कार्यक्रम में 27 स्कूलों के 60 शिक्षकों को अंग्रेजी भाषा एवं साहित्य विषय का प्रशिक्षण दिया गया।

मुख्य वक्ता तरनप्रीत कौर ने कहा कि शिक्षक जीवन को जिस तरह जीता है। वही तरीका अधिकतम रूप से बच्चों में



**रादौर ।** कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में एसडी पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या तरनप्रीत कौर ने लिया भाग ।

स्थानांतरित होता है। क्योंकि यह भी एक प्रकार की ऊर्जा है जो एक स्थान से दूसरे स्थान तक स्थानांतरित की जा सकती है। वर्तमान के प्रतियोगिता भरे युग में विद्यार्थियों को जीवन की सही कलाओं का ज्ञान होना आवश्यक है। ताकि वो इस भीड़ में भी खुद को स्थापित कर सके। वहीं, दूसरे मुख्य वक्ता शीतल सेठ ने कहा कि वर्तमान युग में किसी भी कक्षा में बच्चों को पढ़ाना पुराने समय जैसा नहीं रहाए इसलिए बच्चों को गतिविधियों में शामिल करके उन्हें भविष्य के लिए तैयार करना अत्यंत महत्वपूर्ण तत्व है। जिससे एक इंसान न केवल हर दिन सीखता है। बल्कि प्रतिदिन नई चीजों को सीखता हुआ जीवन में सफलता हासिल करता है।

# ऋतु सिंह ने 79.61 फीसदी अंक लिए

- यशिका को तीसरी, प्राची सैनी ने को चौथा स्थान मिला

हरिभूमि न्यूज. यमुनानगर

गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर के विद्यार्थियों ने एमएससी बायोटेक्नोलॉजी के परीक्षा परिणाम में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में टॉप टेन में पांच स्थानों पर कब्जा जमाया है। वहीं, इसी कॉलेज के एमएससी फिजिक्स के विद्यार्थियों ने भी परीक्षा परिणाम में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की टॉप टेन सूची के तीन स्थान प्राप्त करने में सफलता हासिल की है।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अरविंदर भल्ला ने बताया कि उनके संस्थान के एमएससी बायोटेक्नोलॉजी के विद्यार्थियों ने परीक्षा परिणाण में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में पांच स्थानों पर कब्जा जमाया है। जिसमें छात्रा यशिका ने तीसरा स्थान, प्राची सैनी ने चौथा स्थान, हिमांशी ने छठा स्थान, स्नेहा बंसल ने आठवां स्थान व छवि गुप्ता ने नौवां स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि इसी तरह कॉलेज के एमएससी फिजिक्स (चौथे सेमेस्टर) में ऋतु सिंह ने 79.61 प्रतिशत अंकों के साथ कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में दूसरा स्थान,मुस्कान ने 79.04 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान तथा सुहेल कुमार ने 73.85 प्रतिशत अंकों के साथ सातवां स्थान हासिल किया है। प्राचार्य डॉ.अर्विंदर सिंह भल्ला ने मेधावी विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऐसी उपलब्धियां हमारे विद्यार्थियों की मेहनत और हमारे शिक्षकों के मार्गदर्शन का प्रमाण हैं। कालेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सरदार रणदीप सिंह जौहर ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि की सराहना की।



यमुनानगर। में कुरुक्षेत्र विवि के एमएससी बायोटेक्नोलॉजी के परीक्षा परिणाम में मेरिट सूची के टॉप टेन में पांच स्थानों पर कब्जा जमाने वाले विद्यार्थी।

**ये रहे मौजूद**

*इस अवसर पर बायोटेक्नोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. निधि महेंद्रू व फिजिक्स विभागाध्यक्ष डॉ. मनदीप ने कहा कि हमारे विद्यार्थियों की यह सफलता उनकी मेहनत, निष्ठा और ईमानदारी का परिणाम है।*

## ग्लोबल रिसर्च ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट में चल रहा सॉफ्ट स्किल्स ट्रेनिंग प्रोग्राम कार्यक्रम का समापन

मुख्यातिथि के रुप में संस्थान के चेयरमैन सीए एसके जिंदल ने भाग लिया

# आत्मविश्वास व सकारात्मक सोच का प्रतीक है व्यक्तित्व विकास : कथूरिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| .रादौर

ग्लोबल रिसर्च ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट नाचरौन(रादौर) में पर्सनैलिटी डेवलपमेंट एंड प्रोफेशनल एक्सीलेंस विषय पर चल रहे तीन दिवसीय सॉफ्ट स्किल्स ट्रेनिंग प्रोग्राम कार्यक्रम का समापन हो गया। समापन अवसर पर मुख्य वक्ता के रुप में इंग्लिश टाउन के निदेशक सागर कथूरिया ने भाग लिया। जबकि मुख्यातिथि के रुप में संस्थान के चेयरमैन सीए एसके जिंदल ने भाग लिया। वहीं, ट्रेनिंग



कार्यक्रम के समापन पर इंग्लिश टाउन के निदेशक सागर कथूरिया ने मुख्य वक्ता के रुप में लिया भाग

एंड प्लेसमेंट आफिसर बृजभूषण व मोनिका वर्मा ने कार्यक्रम का आयोजन किया।

मुख्य वक्ता सागर कथूरिया ने विद्यार्थियों को व्यक्तित्व विकास, प्रभावी संचार, नेतृत्व क्षमता और व्यावसायिक सफलता के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। उन्होंने बताया कि पर्सनैलिटी डेवलपमेंट का अर्थ केवल अच्छा पहनावा या प्रभावशाली बोलचाल नहीं है। यह हमारे आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच, व्यवहार, शारीरिक भाषा,समय प्रबंधन और दूसरों के साथ सहयोग करने की क्षमता का सम्मिलित रूप है। एक संतुलित और आकर्षक व्यक्तित्व ही हमें भीड़ से अलग पहचान दिलाता है। इसके लिए प्रभावी कम्युनिकेशन स्किल्स, टीम वर्क और लीडरशिप क्षमता, ईमानदारी और कार्य के प्रति समर्पण, निरंतर सीखते रहने की आदत आवश्यक है। इन गुणों का मेल ही हमें जीवन और करियर की ऊंचाइयों तक पहुंचाता है। संस्थान के चेयरमैन सीए एसके जिंदल ने कहा कि आज के समय में कंपनियां ऐसे युवाओं की तलाश में हैं जो न केवल तकनीकी रूप से दक्ष हों बल्कि नेतृत्व क्षमता, समस्या समाधान की योग्यता और प्रभावशाली व्यक्तित्व भी रखते हों। इसलिए संस्थान शिक्षा के साथ साथ इन स्किल्स पर भी ध्यान देता है। संस्थान के समूह निदेशक डॉ. अश्वनी कुमार ढींगरा ने कहा कि आज के युवा को केवल पढ़ाई में ही नहीं ।

# प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

- तनीषा, भारती एवं पायल की टीम ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रादौर

मुकंद लाल नेशनल कॉलेज रादौर में मंगलवार को इतिहास विभाग की ओर से प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान डॉ.रीचा सीकरी की देखरेख में आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता सात राऊंड में आयोजित की गई। जिसमें भगत सिंह, भारतीय नेताओं, स्मारकों व वर्तमान घटनाओं पर प्रश्न पूछे गए।

क्विज मास्टर बीए तृतीय वर्ष की खुशी ने बहुत ही बेहतरीन ढंग से प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का संचालन किया। प्रतियोगिता में पांच टीमों ने भाग लिया। जिसमें पहला स्थान



**यमुनानगर ।** के मुकंदलाल कॉलेज रादौर में आयोजित प्रश्नोत्तरी के दौरान उपस्थित विद्यार्थी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

तनीषा, भारती एवं पायल की टीम को मिला। मन्नत, मनजीत एवं माही की टीम दूसरे तथा मनीषा, अजय एवं साहिल की टीम तीसरे स्थान पर रही। प्राचार्य डॉ.महेंद्र सिंह ने विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के लिए समय-समय पर ऐसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाना चाहिए।

**ये रहे मौजूद**

मौके पर अशोक कुमार, बीर सिंह व रामजी लाल ने अपनी सेवाएं दी। इस अवसर पर प्रो.पूजा वर्मा, प्रो.आशीष भल्ला, प्रो.पिंकी, प्रो.बंटी, पंकज कुमार व संजू कुमार आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### शिविर में 110 श्रमिकों के स्वास्थ्य को जांचा

**शाहबाद।** ईसआई. स्वास्थ्य संरक्षण हरियाणा श्रम विभाग के सौजन्य से सिद्धार्थ हॉस्पिटल, शाहाबाद मारकंडा में एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर रो. डॉ. दीपक शर्मा और डॉ. अंजली शर्मा के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। रोटरी क्लब शाहाबाद मारकंडा ने इस अभियान में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। शिविर में कुल 110 श्रमिकों की स्वास्थ्य जांच की गई तथा उन्हें परामर्श और आवश्यक उपचार उपलब्ध कराया गया।

### मां के स्वरूप कन्याओं का किया पूजन

**कुरुक्षेत्र।** शारदीय नवरात्रि महोत्सव पर जय ओंकार आश्रम आदिशक्तिपीठ् शांतिनगर कुरड़ी व जय ओंकार आश्रम श्रीब्रह्मा मंदिर में स्थापित श्रीमद्भगवती महामाया मां बाला सुंदरी जी के चरणों में श्रीश्री 1008 सदगुरुदेव स्वामी शक्ति देव महाराज कुरडी.वाले एवं सदगुरुदेव स्वामी संतोष ओंकार महाराज कुरडी.वालों के द्वारा व स्वामी संदीप ओंकार द्वारा मां के चरणों में पवित्र पावन नवरात्र-महोत्सव के अवसर पर घटस्थापना कर खेत्री बोकर मां के चरणों में ज्वाला-ज्योति प्रचंड कर मां के स्वरूप कन्याओं का पूजन किया गया।

### गांव गुमथलागढू में लगाया मेडिकल शिविर

**पिहोवा।** सांसद नवीन जिंदल की फाउंडेशन की ओर से गांव गुमभलागढू में मेडिकल कैंप एवं सांसद खेल महोत्सव रजिस्ट्रेशन शिविर लगाया गया। इसमें डॉ. प्रमोद के नेतृत्व में टीम ने 50 लोगों का मेडिकल चेकअप करने के बाद उन्हें दवाई दी। जबकि 20 लोगों के लैब टेस्ट किए गए। नवीन संकल्प शिविर के दौरान कई आवेदन यशस्वी योजना से संबंधित शिविर में पहुंचे। सांसद कार्यालय के प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि शिविर में सैकड़ों लोगों के सांसद खेल महोत्सव के लिए रजिस्ट्रेशन भी किए गए। उन्होंने कहा कि खेल महोत्सव को लेकर युवाओं एवं खिलाड़ियों में बेहद उत्साह है।

### होस्टल मैस वर्कर यूनियन आज सौपेंगे मांग पत्र

**कुरुक्षेत्र।** होस्टल मैस वर्कर यूनियन की आम सभा की हुई। बैठक की अध्यक्षता यूनियन के प्रधान सुभाष पारचा ने की और बैठक का संचालन यूनियन के महासचिव कृष्ण चंद सैनी ने किया। आम सभा की बैठक में सभी ने एकजुट होकर यह फैसला लिया गया कि 24 सितंबर को यूनियन कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के कुलपति को अपना मान मांग पत्र दिया जाएगा। ज्ञापन में मांग की जाएगी कि 9 जुलाई 2025 को हाईकोर्ट ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के मैंस कर्मचारियों के पक्ष आया है।

## हरियाणा शहीदी दिवस पर जिलेभर में कार्यक्रमों का किया आयोजन

# शहीदी दिवस वीर जवानों के साहस और त्याग का कराता स्मरण : बाठ

### किड्स प्लेनेट प्रेम स्कूल के शिक्षकों ने शहीदी स्मारक पर शहीदों को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा शहीदी दिवस पर किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल की पूरी शिक्षण और प्रबंधन टीम ने देश के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। विद्यालय परिवार शहीदी स्मारक पहुंचा और स्वतंत्रता व सुरक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले वीर सपूतों को नमन किया। इस दौरान राजेन्द्र सैनी, वेद प्रकाश काजल, गुलजार सिंह, गुरमीत सिंह और होशियार सिंह सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं और स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रगान से हुई। इसके बाद शहीदों की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रख कर उनके अमर बलिदान को याद किया गया।






#### भारत माता की जय के लगाए नारे

*सभी ने भारत माता की जय, वन्दे मातरम और जय हिन्द के नारों के साथ शहीदों को नमन किया। विद्यालय प्रबंधक परमिंदर सिंह बाठ ने कहा कि शहीदी दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि स्वतंत्रता और सुरक्षा के प्रत्येक क्षण के पीछे हमारे वीर जवानों का साहस और त्याग है। पअंत में विद्यालय परिवार ने संकल्प लिया कि वे देशभक्ति, साहस और समाजसेवा की भावना को निरंतर बनाए रखेंगे और शहीदों के बलिदान को सदैव स्मरण करेंगे।*

### सेक्टर 30 में शहीदी दिवस पर चलाया सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सेवा स्वच्छता पखवाड़ा एवं हरियाणा वीर शहीदी दिवस के अवसर पर सेक्टर 30 कुरुक्षेत्र में रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन एवं नगर परिषद थानेसर के तत्वावधान में सफाई अभियान का आयोजन किया गया और पार्क एक को सुंदर बनाने के लिए पौधरोपण के अंतर्गत पाम के पौधे लगाए। अभियान का शुभारंभ पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा, जिला नगर आयुक्त अमन कुमार, आरडब्ल्यूए के पूर्व प्रधान पंडित सुरेश कुमार, प्रधान डॉ. केवल कृष्ण, वार्ड 14 पार्षद प्रतिनिधि सुरेश सैनी, वार्ड 13 पार्षद दुष्यंत बक्शी, आरडब्ल्यूए सेक्टर-8 के प्रधान देवेंद्र हांडा, हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसो. के महासचिव डॉक्टर तरसेम कौशिक, अध्यक्ष प्रवीण शर्मा एवं उपप्रधान नसीब सिंह ने किया।

#### वातावरण को स्वच्छ रखना कर्तव्यः सुधा

*मुख्य अतिथि सुभाष सुधा ने अपने संबोधन में कहा कि स्वच्छता केवल सरकार या नगर परिषद की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हम सभी नागरिकों का कर्तव्य है। जिस प्रकार हम अपने घर को साफ रखते हैं, उसी प्रकार हमें अपने आसपास के वातावरण को भी स्वच्छ बनाए रखना चाहिए। प्लास्टिक का उपयोग कम करना और लोगों को इसके प्रति जागरूक करना समय की आवश्यकता है। कार्यक्रम के दौरान प्रधान डॉ. केवल कृष्ण एवं पार्षद प्रतिनिधि सुरेश सैनी ने सभी अतिथियों का स्वागत कर उनका आभार व्यक्त किया। अभियान में डीडी सैनी, सुभाष चंद्र चंद्र, प्रकाश शर्मा, हरि कृष्ण शर्मा, तेजपाल सिंह, सुरेंद्र कुमार, अशोक कुमार, राजवीर सिंह , गुरविंदर सिंह सहित नगर परिषद की पूरी टीम सक्रिय रूप से उपस्थित रही।*

## विरासत हेरिटेज विलेज में उत्साह के साथ मनाया जा रहा सांझी उत्सव

# हरियाणवी लोकगीतों में रची-बसी है सांझी माता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

विरासत हेरिटेज विलेज में सांझी उत्सव उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। यहां पर सांझी के विविध स्वरूप देखने को मिल रहे हैं। सांझी लोकजीवन में बालिकाओं द्वारा बनाई जाने वाली एक ऐसी प्रतिमूर्ति है जिसे लोक में देवी की संज्ञा भी दी गई है। सांझी सबकी साजली देवी के रूप में लोक कलात्मक अभिव्यक्ति है। अनादि काल से गांव में कुंवारी कन्याएं सांझी बनाती आ रही हैं। सांझी की हर रोज घर में बालिकाओं द्वारा पूजा की जाती है और गीत गाकर उसकी अराधना भी की जाती है। सांयकालीन हर रोज बालकाएं पहले सांझी की पूजा करती हैं और उसके बाद खाना खाती हैं। यह जानकारी विरासत में सांझी उत्सव के संयोजक अभिनव पूनिया ने दी। उन्होंने बताया कि लोकगीतों में सांझी रची एवं बसी हुई है।

#### बालिकाएं और महिलाएं मिलकर करती आरती

अभिनव पूनिया ने बताया कि सांझी को जीमाने के पश्चात बालिकाएं एवं महिलाएं मिलकर सांझी का आरता एवं आरती गाती हैं- आरता हे आरता, सांझी माई आरता। सांझी के विषय में कहा जाता है कि यह नवरात्रों में अपने ससुराल जाती है। इसके ससुराल जाने के पश्चात गांव के बाग सूख जाते हैं और इसका भाई इसको लेने के लिए जाता है। वास्तव में सांझी भाई-बहन के प्रेम का भी द्योत्तक है।

#### गीतों के माध्यम से करती सवाल-जवाब

अभिनव पूनिया ने बताया कि बालिकाएं सांझी से प्रत्यक्ष रूप में सवाल-जवाब गीतों के माध्यम से करती हुई उससे अपना तादात्म्य स्थापित कर लेती हैं और उनको सांझी से बड़ा लगाव हो जाता है। लोक में सांझी को देवी के रूप में पूजा जाता है। इसकी पुष्टि इस गीत के माध्यम से होती है-सांझी री सांझी तूं संझवाली, भाई भतीजे तू रखवाली। विजयदशमी के दिन सांझी को उतारकर तालाब में विसर्जित कर दी जाती है। विसर्जित करते समय सांझी का गीत गाते हुए बालिकाएं कहती हैं- शीशा छाई चुंदड़ी तारा छाई रात, सांझी चाली बाप कै, बुहाइयो हे राम।

# अब एलएनजेपी नागरिक अस्पताल में मिलेगी एमआरआई की सुविधा : सुधा

- मुख्यमंत्री के आदेशानुसार निजी संस्थान आगामी एक माह में अस्पताल में स्थापित करेगा एमआरआई मशीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि अब एलएनजेपी नागरिक अस्पताल में मरीजों को एमआरआई की सुविधा मिलेगी। इस नागरिक अस्पताल में निजी कंपनी द्वारा आगामी एक माह के अंदर एमआरआई मशीन स्थापित कर दी जाएगी। इसके लिए अस्पताल के अधिकारियों और निजी कंपनी के बीच तमाम औपचारिकताओं को पूरा कर लिया गया है। इस अस्पताल में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेशानुसार ही एमआरआई मशीन स्थापित की जा रही है।

#### 6 करोड़ का होगा खर्चा

*हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने बातचीत करते हुए कहा कि राजकीय अस्पताल में हर प्रकार की बीमारी का इलाज किया जाएगा। इस योजना के तहत कुरुक्षेत्र के एलएनजेपी अस्पताल का भी चयन किया गया है। इस मशीन को निजी कंपनी द्वारा स्थापित किया जाएगा और इस पर कंपनी द्वारा लगभग 6 करोड का बजट भी खर्च किया जाएगा। इस अस्पताल में गरीबों, बीपीएल कार्ड धारकों, सरकारी अधिकारियों व कर्मचारियों का एमआरआई निःशुल्क किया जाएगा।*

# महाराजा अग्रसेन ने मानवता के आधार पर कार्य किया

## महाराजा अग्रसेन जयंती पर ध्वजारोहण और उनकी प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

श्रीवैश्य अग्रवाल पंचायत थानेसर द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कुरुक्षेत्र में महाराजा अग्रसेन जयंती का पावन पर्व हर्षोल्लास एवं श्रद्धा भाव से मनाया जा रहा है। अग्रवाल धर्मशाला मोती चौक में कार्यक्रमों के शुभारंभ अवसर पर विधिवत वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भगवान श्री गणेश, महाराजा अग्रसेन जी तथा मां महालक्ष्मी का पूजन किया गया। हवन यज्ञ में काफी संख्या में अग्रवाल समाज के लोग एकत्रित हुए तथा आहुतियां दी। कार्यक्रम में अग्र बंधुओं ने उत्साह से भाग लेते हुए महाराजा अग्रसेन जी के सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया। श्रीवैश्य अग्रवाल पंचायत के अध्यक्ष सत्य प्रकाश गुप्ता एवं समाज के गणमान्य नागरिकों द्वारा



**कुरुक्षेत्र।** महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर पर कार्यक्रमों का शुभारंभ अवसर पर हवन यज्ञ करते हुए समाज के लोग।

ध्वजारोहण किया गया। इसी के साथ मोहन नगर स्थित महाराजा अग्रसेन चौंक पर स्थित महाराजा अग्रसेन की भव्य प्रतिमा पर अग्रवाल समाज के लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर माल्यार्पण किया।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत के प्रधान सत्य प्रकाश गुप्ता के साथ कोषाध्यक्ष कपिल मित्तल, उप प्रधान प्रदीप सिंगला, महासचिव गौरव सिंगला, सह सचिव दीपक सिंगला, कार्यकारिणी सदस्य राज कुमार मित्तल, अशोक गर्ग, विनोद गर्ग, अंशुल बंसल, अश्विनी जिन्दल, अनिल गर्ग, मुनीष मित्तल, संजीव गर्ग, राजेश सिंगला, विनय गुप्ता, कुलवंत गर्ग, सुरेन्द्र गोयल, जंग बहादुर सिंगला, भूषण मंगला, रवि अग्रवाल, विजय सिंगला, योगेश गर्ग, बीबी जिन्दल, डा. सुभाष गर्ग, रमेश गोयल, एचसी गोयल, सतीश गर्ग, आरके गुप्ता, महेन्द्र सिंगला, मंगत राम जिन्दल, श्याम लाल सिंगला, रमेश गुप्ता, विजय गर्ग, श्री कान्त बंसल, रमेश गोयल, विकास बंसल, राम कुमार गोयल, भूषण गोयल, जितेन्द्र अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



### नशा मानसिक, शारीरिक व आर्थिक विकास का सबसे बड़ा अवरोध : डॉ. संजय शर्मा

*कुरुक्षेत्र। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के उप सेवा केंद्र सेक्टर 8 कुरुक्षेत्र में स्वदेशी भारत नशा मुक्ति विकसित भारत पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. संजय शर्मा आयुर्वेद विशेषज्ञ ने किशोर स्वास्थ्य जागरूक अभियान की श्रृंखला के 2031 वें शिविर को सम्बोधित करते हुए कहा कि जीवनशैली बदलने के कारण तनाव बढ़ रहा है मन के विचार बदल रहे हैं जिसका प्रभाव इंसान के स्वास्थ पर आ रहा है। सभी बीमारियों का मूल कारण इंसान का मन है कि जब हम अपने अवचेतन मन को जागृत करेंगे और सकारात्मक सोचेंगे तभी हम हर प्रकार की स्थिति से जीत सकते हैं उसके साथ जीवन में कोई भी असंभव कार्य को संभव बना सकते हैं। शरीर नशे मे जकड़ा होगा तो ना धर्म निभा सकेंगे न कर्म होगा जो खुद नशे का दास है। नशा मानसिक, शारीरिक व आर्थिक विकास का सबसे बड़ा अवरोध है । इस अवसर पर कार्यक्रम में भी के उषा, शैलेंद्र भाई ,अमीरचंद भाई, सुभाष भाई, जितेश भाई, निकिता, लाजवंती, मीरा ,सुमन बहन इत्यादि उपस्थित रहे।*

# कच्चे कर्मियों को पक्का करें सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी फेडरेशन के आह्वान पर जिला सचिवालय पर दिया धरना

अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी फेडरेशन के आह्वान पर जिला सचिवालय पर जोरदार धरना प्रदर्शन करते हुए तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा गया। जिसकी अध्यक्षता सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान ओम प्रकाश ने व संचालन मास्टर दयानंद ने किया। उन्होंने बताया कि आठवें वेतन आयोग के गठन, कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, पुरानी पेंशन बहाल करने व निजीकरण पर रोक लगाने आदि मुख्य मांगो को लेकर फेडरेशन के आह्वान पर पूरे देश में जिला स्तर पर प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपे गए। जिला प्रधान ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में लॉन्च की गई प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के तहत सभी विभागों को निजी हाथों में देने की मुहिम तो तेज कर दिया है, जिसे बिल्कुल भी सहन नहीं किया जाएगा।



#### प्रमुख मांगें

*जिला प्रधान ने कहा कि मुख्य मांगो में अतिशीघ्र 8वें वेतन अयोग का गठन करने और जब तक वेतन अयोग लागू नही किया जाता सभी कर्मचारियों को महंगाई के अनुसार 5 हजार रुपए अंतरिम रहात के रूप मे देना , आठवे वेतन आयोग से पहले 7वे वेतन अयोग की विसंगतिया दुरुस्त करना, श्रम कानूनों में किए गए अनाप शनाप संशोधनों को रद्द करने, हटाए गए कौशल के सभी कर्मचारियों को विभाग के पे रोल पर लेते हुए नियमितीकरण की पॉलिसी बना कर सभी तरह के कच्चे कर्मचारियों को पक्का करना,परियोजना कर्मियों को कर्मचारी का दर्जा देना,पुरानी पेंशन बहाल करना व एक्सग्रेसिया पॉलिसी से शर्त हटाना आदि मांगे शामिल है।*



**कुरुक्षेत्र।** जानकारी देते जजपा के जिला अध्यक्ष कुलदीप जखवाला।

### जजपा ने जिला कार्यकारिणी का किया गठन

**कुरुक्षेत्र।** जन नायक जनता पार्टी ने आज कुरुक्षेत्र जिले में कार्यकारिणी का गठन किया है। इसमें राजेन्द्र शर्मा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष और महिला मोर्चे की कमान शाहाबाद से पूर्व प्रत्याशी रंजीता सिंह को सौंपी गई है। कुरुक्षेत्र के सेक्टर-3 स्थित कार्यालय में आयोजित बैठक में नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूलमालाओं के साथ अभिनंदन किया गया। जिलाध्यक्ष कुलदीप जख्वाला ने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला, पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला, प्रदेशाध्यक्ष बृज शर्मा के नेतृत्व में एक सप्ताह पहले राज्य कार्यकारिणी का गठन किया गया था। वही, आज जिला कुरुक्षेत्र की कार्यकारिणी गठित कर करीब 28 कार्यकर्ताओं को जिले की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने बताया कि वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा, उपाध्यक्ष सलिन्द्र औजला, मास्टर हरिन्द्र सिंह, दलविन्द्र सिंह मोहडी, जरनैल सिंह बनाया गया है। वही, सचिव की जिम्मेदारी सुखबीर, मलकीत खान, दिलबाग ढिल्लों, सुखविन्द्र फौजी, जसबीर सिंह, बलविन्द्र छोडपुर को दी गई।



### जिप ने संगमेश्वर महादेव मंदिर में दी कचरा संग्रहण ई-रिक्शा और फागिंग मशीन

**पिहोवा।** जिला परिषद की ओर से संगमेश्वर महादेव मंदिर अरूणाय एवं आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता कायम रखने के लिए कचरा संग्रहण ई रिक्शा दी गई। जिप चेयरपर्सन कंवलजीत कौर ने इसे मंदिर प्रशासन को सौंपते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से शुरू हुए सेवा स्वच्छता पखवाड़े के तहत विभिन्न गतिविधियां करवाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छता में ही ईश्वर का वास होता है। उनका प्रयास है कि पूरा जिला स्वच्छता के मामले में नंबर एक पर हो। इसके साथ-साथ उन्होंने जिला परिषद की ओर से फॉगिंग मशीन भी मंदिर परिसर के लिए उपलब्ध कराई। मंदिर के सचिव महंत विश्वनाथ गिरी और सेवादल के प्रबंधक भूषण गौतम ने कहा कि संगमेश्वर मंदिर में प्रति महीने लाखों श्रद्धालु भोलेनाथ के दर्शनों के लिए आते हैं। यहां इलेक्ट्रिक कचरा संग्रहण ई रिक्शा की बेहद आवश्यकता थी। उन्होंने जिला परिषद चेयरपर्सन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि फागिंग मशीन संभावित आगामी डेंगू के महीने में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए मददगार सिद्ध होगी। इस मौके पर धनीरामपुरा के सरपंच विकल चौबे, सतीश शर्मा शास्त्री सहित कई लोग मौजूद थे।

**कार्यक्रम** | श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में मनाया 10वां आयुर्वेद दिवस

## आयुर्वेद केवल भारत तक सीमित नहीं, बल्कि विदेशों में भी इसकी स्वीकार्यता तेजी से बढ़ रही : छाबड़ा

# आयुर्वेद घर-घर तक पहुंचाना हमारा लक्ष्य, नया कोर्स शुरू कियाः कुलपति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि अब हर वर्ष 23 सितंबर को आयुर्वेद दिवस मनाया जाएगा। ऐसे आयोजन न केवल आयुर्वेद के महत्व को समाज तक पहुंचाते हैं, बल्कि छात्रों, गृहणियों और समाज के हर वर्ग को आयुर्वेदिक जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा भी देते हैं। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद केवल चिकित्सा पद्धति नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन जीने का विज्ञान है। वे मंगलवार को विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 10वें आयुर्वेद दिवस के शुभारंभ अवसर पर बोल रहे थे। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान धन्वंतरि की पूजा-अर्चना और हवन से हुई। इस मौके पर



**कुरुक्षेत्र।** विश्वविद्यालय परिसर में सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत पौधरोपण करते विद्यार्थी।

कुलपति ने बताया कि गृहणियों के लिए 3 माह का विशेष कोर्स शुरू किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य घर-घर तक आयुर्वेद पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि यदि गृहणियां आयुर्वेद को अपनाकर अपने परिवार को स्वस्थ बनाएंगी तो समाज भी स्वस्थ और सशक्त बनेगा।

बॉक्स

#### योग व आयुर्वेद जैसी अमूल्य धरोहर भारत की देन

कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में पहुंचे कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मानद सचिव रहे मदन मोहन छाबड़ा ने कहा कि आज आयुर्वेद केवल भारत तक सीमित नहीं, बल्कि विदेशों में भी इसकी स्वीकार्यता तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि विदेशों में लोग आयुर्वेद को जीवनशैली और उपचार पद्धति के रूप में अपना रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने हमेशा दुनिया को ज्ञान दिया है। योग और आयुर्वेद जैसी अमूल्य धरोहर भारत की देन है और आज इनकी वैश्विक मान्यता हमारे लिए गर्व का विषय है। इस अवसर पर समाजसेवी अशोक रोशा और सुमन सांगवान भी विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम में कुलसचिव प्रो. ब्रिजेंद्र सिंह तोमर, प्राचार्य प्रो. आशीष कुमार मेहता, चिकित्सा अधीक्षक प्रो. राजा सिंगला, प्रॉक्टर प्रो. सतीश वत्स, प्रो. रविराज, प्रो. मनोज तंवर, प्रो. नीलम, डॉ. नेहा लांबा सहित संस्थान के सभी शिक्षक, गैर-शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय परिसर में सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत पौधरोपण भी किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. कतार सिंह धीमान, कुलसचिव प्रो. तोमर और मदन मोहन छाबड़ा ने स्वयं पौधे लगाकर विद्यार्थियों को भी प्रेरित किया। कार्यक्रम में डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. जितेश कुमार पंडा, प्राचार्य प्रो. आशीष मेहता, एनएसएस नोडल अधिकारी प्रो. पीसी मंगल, प्रो. शीतल सिंगला, प्रो. राका जैन, डॉ. सुरेंद्र सहरावत, डॉ. लशिथा, डॉ. पुनीता शर्मा समेत अनेक शिक्षक व विद्यार्थियों ने भी पौधे लगाए।

#### 1 अक्टूबर से शुरू होगा कोर्स

*आयुष विश्वविद्यालय में गृहणियों के लिए आयोजित आयुर्वेद ज्ञान संवाद कार्यक्रम में स्वस्थवृत विभाग की प्रो. सीमा रानी ने महिलाओं को आयुर्वेदिक जीवनशैली और घरेलू स्वास्थ्य उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कुलपति प्रो. धीमान ने बताया कि नया कोर्स 1 अक्टूबर से शुरू होगा, जिसमें प्रवेश की प्रक्रिया जल्द आरंभ होगी। इस कोर्स में रोजाना 2 घंटे तक योग, आहार-विहार और जीवनशैली संबंधी प्रशिक्षण दिया जाएगा। आयुर्वेद दिवस पर आयोजित प्रतियोगिताओं में भी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।*

## खबर संक्षेप

### पटाखों की चिंगारी से लगी आग, हड़कंप

**अंबाला।** अबाला छावनी के निशांत बाग इलाके में मंगलवार को पटाखों की चिंगारी से अचानक घर में आग लगने से हड़कंप मच गया। जहां छत पर रखे उपलों में आग भड़क गई। हालांकि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। समय पर फायर ब्रिगेड की टीम ने पहुंचकर आग पर काबू पा लिया, जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। जानकारी के अनुसार, मोहल्ले के कुछ बच्चे घरों के पास पटाखे चला रहे थे। खेल-खेल में छोड़े गए एक पटाखे की चिनगारी पास ही एक मकान की छत पर रखे उपलों तक पहुंच गई। देखते ही देखते उपलों ने आग पकड़ ली और तेज लपटें उठने लगीं।

### आरटीआई कार्यकर्ता ने दायर की अग्रिम जमानत

**अंबाला।** अंबाला शहर के पालिका विहार में जमीन के मामले में आरोप लगाने वाले आरटीआई कार्यकर्ता अनूप राणा ने कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर कर दी है। इस पर 26 सितंबर का एडीजे अमित शर्मा की अदालत में सुनवाई होगा। सीनियर डिप्टी मेयर मीना ढींगरा के पति सुंदर ढींगरा की शिकायत पर अंबाला शहर थाना पुलिस ने आरटीआई एक्टीविस्ट अनूप राणा पर हाल ही में मामला दर्ज किया गया था। उन पर जबरन वसूली, आपराधिक धमकी एवं मानहानि के आरोप हैं।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, मामला दर्ज

**जींद।** जुलाना से नाबालिग लड़की के संदिग्ध हालात में गायब होने पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जुलाना निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी 16 वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी बेटी का कोई सुराग नही लगा।

### नागरिक अस्पताल में स्वास्थ्य जांच कैंप कल

**जींद।** हरियाणा सरकार महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए एक और ऐतिहासिक पहल कर रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 25 सितंबर को पंचकूला से दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के मोबाइल एप का शुभारंभ करेंगे। इसी दिन प्रदेशभर के जिलों और उपमंडलों में विशेष निशुल्क पंजीकरण कैंप आयोजित किए जाएंगे।

### सुषमा अत्री ने जीएसटी रिफॉर्म के बताए फायदे

**उचाना।** जीएसटी रिफार्म जागरूकता अभियान के तहत भाजपा नेत्री सुषमा अत्री शहर के बाजारों में दुकानदारों, ग्राहकों से रूबरू हुई। जीएसटी के फायदे बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी स्लैब में बड़ा बदलाव किया है।

### गांव करोड़ा में सड़क न बनने से ग्रामीणों में रोष

**पाई।** निकटवर्ती करोड़ा गांव में मंजूर हुई सड़क न बनने से ग्रामीणों में जिला प्रशासन के प्रति व्यापक रोष है। ग्रामीण राजवीर, रमेश, काला, रोहताश आदि ने बताया कि उनके गांव में राजकीय वरिष्ट माध्यमिक कन्या स्कूल के पास सड़क का बहुत ही बुरा हाल है।

---

*बरसाती पानी से धान की काफी फसल बर्बाद*

# अनाज मंडी में धान की खरीद शुरू 25 हजार क्विंटल की हुई आवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

अनाज मंडी में धान की खरीद शुरू हो चुकी है। मंडी धान की फसल से अटी पड़ी है। हर रोज किसान अपनी फसल को ट्रालियों में भरकर मंडी में बेचने के लिए ला रहे है। मंडी में जिस ओर भी नजर दौड़ाई जाए, लेबर धान की फसल की सफाई आदि का कार्य करती नजर आती है। इस बार खरीदारी के लिए दो प्रमुख एजेंसियां हैफेड और डीएफएससी को जिम्मेदारी निभा रही हैं। मंडी में धान की फसल कई दिन पहले ही आना शुरू हो चुकी थी लेकिन औपचारिक रूप से खरीद की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

**अनाज मंडी धान की फसल से अटी पड़ी**

अब तक अनाज मंडी में लगभग 25,000 क्विंटल धान आ चुका है। किसानों को अपनी धान की फसल बेचने में किसी प्रकार की दिक्कत न हो, इसके लिए विभाग पूरी पारदर्शिता और सुगमता से कार्य किया जा रहा है। बता दें कि मार्केट कमेटी की ओर से अनाज मंडी में फसल की आवक से पहले ही सभी जरूरी इंतजाम कर लिए गए थे। मंडी प्रशासन की ओर से मंडी में बिजली, पानी, सफाई और अन्य बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था पहले से ही कर ली गई थी ताकि किसानों को अपनी फसल को बेचते समय किसी भी तरह की कोई परेशानी का सामना न करना पड़े। इस बार 17 प्रतिशत तक नमी वाले धान को भी खरीदा जा रहा है जिससे किसानों को अपने धान को बेचने में कोई परेशानी न हो। सीजन में धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य भी किसानों के लिए राहत देने वाला है।



बराड़ा। अनाज मंडी में बिखरा पड़ा धान व काम करते हुए मजदूर। फोटो: हरिभूमि

#### साफ-सफाई, बिजली, पानी की उचित व्यवस्था

ग्रेड वन और पैड़ी कॉमन धान का 2,389 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है। मंडी में आने वाले किसानों को अपनी फसल बेचने में कोई समस्या न हो, इसके लिए मार्केट कमेटी की ओर से हर पहलू पर ध्यान दिया गया है। कमेटी की बात करें तो इस बार धान के सीजन में अनाज मंडी में किसानों की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। किसानों के लिए सभी सुविधाएं सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मंडी में साफ-सफाई, बिजली, पानी, और उचित व्यवस्था की गई है।

#### पानी ने बर्बाद की धान की फसल

- किसानों को पानी भरे खेतों से धान की कटाई करने में भी काफी मुश्किल आ रही
- धान की फसल कटवाने के लिए चेन वाली कंबाइन का प्रयोग किया जा रहा

*इस बार इलाके में बरसाती पानी की वजह से खेतों में धान की फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। प्रदेश सरकार की ओर से किसानों को फसल खराब होने का मुआवजा भी दिया जा रहा है। इलाके के कई गांव तंदवाल, घेलड़ी, दादुपूर, सज्जनमाजरी, मौजगढ़, सुहाना, सरकपुर आदि के खेतों में पानी खड़ा है, किसानों को पानी भरे खेतों से धान की कटाई करने में भी काफी मुश्किल आ रही है। किसानों द्वारा धान की फसल कटवाने के लिए चेन वाली कंबाइन का प्रयोग किया जा रहा है। अनाज मंडी में धान की फसल बेचने आए कई किसानों ने बताया कि इस बार बरसाती पानी की वजह से इलाके में धान की पैदावार कम हुई है क्योंकि कई-कई दिनों तक खेतों में खड़े पानी ने फसल को खराब कर दिया।*



मुलाना। मंडी में आए धान का निरीक्षण करते अधिकारी व कारोबारी।

**पहले दिन 2700 क्विंटल धान खरीदा**

# मुलाना अनाज मंडी में 74 हजार 300 क्विंटल धान की आवक

- सोमवार की बजाय मंगलवार को हुई धान की सरकारी खरीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलाना

अनाज मंडी में मंगलवार को धान की खरीद आधिकारिक रूप से शुरू हो गई। सोमवार को खरीद प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी थी जिसके बाद मंगलवार दोपहर बाद खरीद कार्य प्रारंभ किया गया। डीएफएससी की टीम द्वारा धान की खरीद की गई और पहले ही दिन मंडी से करीब 2700 क्विंटल धान खरीदा गया। हालांकि खरीद प्रक्रिया की धीमी शुरुआत के बावजूद धान की बंपर आवक ने मंडी परिसर को भर दिया है । आंकड़ों के अनुसार मंगलवार तक अनाज मंडी में 74 हजार 300 क्विंटल धान की आवक दर्ज की जा चुकी है। इसके साथ ही अब तक 286 गेट पास भी कट चुके हैं।

#### ये रहे मौजूद

खरीद प्रक्रिया के दौरान मौके पर डीएफएससी से मीनाक्षी, आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान रणजीत सिंह, प्रवीण कपूर, मंडी सुपरवाइजर सुखविंद्र सिंह, मांगे राम, दिनेश, संजीव नागपाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

#### सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त

इस बार धान के सीजन के लिए सभी व्यवस्थाएं पहले से ही दुरुस्त कर ली गई थी, खरीदारी के दौरान पारदर्शिता बनाए रखने की पूरी कोशिश की जा रही है। इसके अलावा अनाज मंडी में आने वाले किसानों के लिए सभी सुविधाओं का ख्याल रखा जा रहा है ताकि वे अपनी मेहनत की फसल को बिना किसी परेशानी के बेच सकें।
-राहुल मेव, सचिव, मार्केट कमेटी, बराड़ा ।

---

# पेसमेकर से शिशु की जान बचाई

- फोर्टिस अस्पताल के डाक्टरों ने मुश्किलों को दी मात, सफल सर्जरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंडीगढ़

धीमी धड़कन को नियंत्रित करने और बच्चे की जान बचाने के लिए डॉक्टरों ने दिल में बैटरी पॉवर्ड डिवाइस डालने में सफलता प्राप्त की और नवजात को नया जीवन देने का काम किया है। डॉक्टरों ने गर्भवती माताओं और महिलाओं को अच्छी से अच्छी लाइफ स्टाइल अपनाने व अपने खानपान का पूरा ख्याल रखने की अपील की है। नियमित व्यायाम व जांच पड़ताल के साथ ही हेल्दी डाइट लेने के साथ साथ पंचकूला में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान खास टिप्स दिए। ये काम फोर्टिस अस्पताल मोहाली की ओ से किया गया है।

#### बारीकी से निगरानी की

मामले से जुड़े उच्च जोखिम को देखते , महिला की साप्ताहिक जांच के साथ बारीकी से निगरानी की। 29वें सप्ताह में, अल्ट्रासाउंड से पता चला कि शिशु की हार्ट बीट यानि दिल की धड़कन बेहद कम होकर 32 धड़कन प्रति मिनट (गंभीर ब्राडकार्डिया) हो गई थी, और उसमें कंजेस्टिव हार्ट फेलियर (हृदय शरीर की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त रक्त पंप नहीं कर पाता) केल लक्षण दिखाई दिए, साथ ही हाइड्रॉप्स फीटालिस (फीटस के टिश्यूज और अन्य प्रमुख अंगों में अत्यधिक तरल पदार्थ जमा होना) भी दिखाई दिया। जिसके बाद में तुरंत इमरजेंसी लोअर सेगमेंट सीजेरियन सेक्शन (एलएससीएस) किया गया और शिशु को नियोनटाल इंटेसिव केयर यूनिट में ट्रांसफर कर दिया गया, जहां उसे वेंटिलेटर पर रखा गया। उसके बाद डॉ. रजत गुप्ता, सीनियर कंसल्टेंट, डिपार्टमेंट ऑफ पीडियाट्रिक कार्डिक साइंसिज, फोर्टिस हॉस्पिटल, मोहाली द्वारा एक टेम्प्ररेरी पेसमेकर लगाया गया।

#### बच्चा स्वस्थ जीवन जी रहा

इस मामले पर चर्चा करते हुए, डॉ. टीएस महंत, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, सीटीवीएस, फोर्टिस हॉस्पिटल, मोहाली ने कहा कि यह असाधारण मामला जल्दी डायग्नोसिस, कोऑर्डिनेटेड मल्टीडिसीप्लिनरी केयर और एडवांस कार्डियक इंटरवेंशन की उपलब्धता के महत्व को उजागर करता है। बच्चा अब तीन महीने का है और स्वस्थ जीवन जी रहा है।

# आरपीएस में स्कॉलरशिप परीक्षा का 28 को

- स्कॉलरशिप परीक्षा के आधार पर सुपर 30 के माध्यम से 11वीं के 120 बच्चों को आरपीएस पढ़ाएगा नि :शुल्क : इंजी . मनीष राव

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

आरपीएस विद्यालय में 28 सितम्बर को स्कॉलरशिप परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा के लिए आरपीएस ग्रुप के सभी 17 विद्यालयों में परीक्षा केंद्र रहेंगे, विद्यार्थी अपनी सुविधा अनुसार संबंधित परीक्षा केंद्र पर पहुंचकर परीक्षा में भाग ले सकते हैं। ग्रुप सीईओ इंजी. मनीष राव ने बताया कि स्कॉलरशिप परीक्षा में कक्षा तीसरी से 9वीं व 11वीं तक के बच्चे भाग ले सकेंगे। परीक्षा के आधार पर विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप दी जाएगी तथा इस परीक्षा के आधार पर सुपर 30 के लिए कक्षा 11वीं के मेडिकल, नॉन मेडिकल, कॉमर्स तथा आर्ट (मनिटीज) के चयनित विद्यार्थियों का फाइनल राउंड भी होगा जिस आधार पर उन्हें विद्यालय में पूरी तरह से निःशुल्क शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। परीक्षा में भाग लेने वाले विद्यार्थी अपना पंजीकरण करवाकर परीक्षा में भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा देने के लिए आने वाले परीक्षार्थी अपने स्कूल का आई कार्ड व आधार कार्ड भी साथ लेकर आएं।




आरपीएस विद्यालय।

#### पंजीकरण अनिवार्य

आरपीएस ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने बताया कि विद्यालय में स्कॉलरशिप परीक्षा का आयोजन रविवार को सुबह 10:30 बजे होगा। इस परीक्षा के आधार पर सुपर 30 के लिए 120 विद्यार्थियों का चयन दूसरे चरण की परीक्षा के बाद आरपीएस ग्रुप करेगा, जिन्हें विद्यालय में निःशुल्क शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न प्रकार की परीक्षा की तैयारी व रहने खाने की व्यवस्था भी विद्यालय प्रबंधन की ओर से की जाएगी। अभिभावक अपने-अपने बच्चों का पंजीकरण विद्यालय की वेबसाइट से करवा सकते हैं। इसके अलावा विद्यार्थी अपना पंजीकरण परीक्षा के दिन सुबह नौ से लेकर 10 बजे तक भी करवा सकते हैं। सीईओ मनीष राव ने बताया कि आरपीएस ग्रुप अभिभावकों के विश्वास पर पूर्ण रूप से कायम है। इसी का नतीजा है कि आज ग्रुप के बच्चे शिक्षा ही नहीं खेल, कला, कल्चरल, विभिन्न जिला राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता सहित अन्य हर क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। डिप्टी सीईओ कुनाल राव ने कहा कि संस्था का मुख्य उद्देश्य यहां आने वाले प्रत्येक विद्यार्थी को सर्वोत्तम शिक्षा उपलब्ध करवाना है, जिससे समाज के हर वर्ग के बच्चों का सपना पूरा हो और वे देश-विदेश में अपना नाम रोशन कर सके।

# गैरकानूनी गतिविधियां नहीं होंगी बर्दाश्त

- होटल, पीजी और ढाबा संचालकों को थाना प्रभारी दिए सख्त निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलाना

थाना प्रभारी प्रमोद राणा ने क्षेत्र के पीजी, होटल और ढाबा संचालकों की एक विशेष बैठक बुलाई। बैठक में थाना प्रभारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखना उनकी पहली प्राथमिकता है और इस कार्य में होटल, रेस्टोरेंट और पीजी संचालकों की भी बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की गैरकानूनी गतिविधि यदि इन स्थानों पर पाई जाती है तो संबंधित संचालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। राणा ने निर्देश दिए कि सभी संचालक अपने यहां ठहरने वाले हर व्यक्ति का पूरा रिकॉर्ड अनिवार्य रूप से रखें। रिकॉर्ड में दर्ज मोबाइल नंबर की सत्यता की जांच करें ताकि कोई भी व्यक्ति फर्जी पहचान पत्र या फर्जी नंबर देकर ठहरने न पाए।



मुलाना। मीटिंग में मौजूद होटल व ढाबा संचालक। फोटो: हरिभूमि

#### पुलिस को दे तुरंत सूचना

थाना प्रभारी ने विशेष तौर पर चेतावनी दी कि किसी भी होटल या पीजी में नाबालिग और स्कूली बच्चों को कमरे उपलब्ध न कराए जाएं। उन्होंने कहा कि कई बार देखने में आया है कि नाबालिग बच्चे पैसे देकर कमरा लेने का प्रयास करते हैं, लेकिन संचालकों को ऐसी स्थिति में पूरी सख्ती दिखानी होगी। उन्होंने यह भी जोड़ा कि यदि कोई संचालक अधिक पैसे के लालच में बच्चों को कमरा देता है तो यह न केवल अपराध माना जाएगा, बल्कि उसके होटल या पीजी को सील करने तक की कार्रवाई की जा सकती है। थाना प्रभारी ने यह भी कहा कि होटल और पीजी संचालकों को संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि दिखे तो इसकी जानकारी पुलिस को दें।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर थाना प्रभारी प्रमोद राणा ने संचालकों को भरोसा दिलाया कि पुलिस हमेशा उनकी सुरक्षा और सहयोग के लिए तत्पर है। उन्होंने कहा कि यदि किसी संचालक को किसी प्रकार की समस्या आती है तो वे सीधे थाना से संपर्क कर सकते हैं। बैठक में सिक्योरिटी इंचार्ज धर्मबीर सिंह, मुंशी बबली कुमार, हेड कांस्टेबल सुरेश कुमार सहित क्षेत्र के दर्जनों होटल, पीजी और ढाबा संचालक मौजूद रहे। बैठक के दौरान सभी संचालकों ने भी थाना प्रभारी को आश्वस्त किया कि वे पुलिस प्रशासन के साथ पूरी तरह से सहयोग करेंगे ।

# कॉलेज में दाखिले के लिए पोर्टल खोला

- इस बार कई कॉलेजों में खाली सीटों की संख्या बेहद ज्यादा, शिक्षा सत्र शुरू होने के बावजूद चल रही है दाखिले की प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

राजकीय और एडिड कॉलेजों में दाखिला के लिए उच्चतर शिक्षा विभाग की ओर से पोर्टल दोबारा खोला गया है। कॉलेजों में अभ्यर्थी 30 सितंबर तक दाखिला ले सकते हैं। इस बार राजकीय व एडिड कॉलेजों में सीट खाली रह गई है। कई कॉलेजों में तो कुल सीट के मुकाबले ज्यादा सीट खाली पड़ी हैं। इसी तरह राजकीय आईटीआई में भी खाली सीटों पर 30 सितंबर तक ही दाखिला किया जाना है। आईटीआई में रोजाना आवेदन लेने के बाद दाखिले किए जा रहे हैं। शहर के राजकीय महिला महाविद्यालय से दाखिला नोडल अधिकारी डॉ. निशा बुराक ने बताया कि कॉलेजों में खाली सीट पर 30 सितंबर तक पोर्टल खोला गया है।

#### इन कॉलेजों में इतनी सीट खाली

**गुरु हरकृष्ण साहिब खालसा कॉलेज, पंजोखरा साहिब**

| कोर्स | कुल सीट | भरी सीट |
|---|---|---|
| बीए | 120 | 105 |
| बीकॉम | 80 | 30 |
| बीबीए | 40 | 10 |
| एमकॉम | 30 | 15 |
| एमए पंजाबी | 20 | 8 |
| पीजीडीसीए | 20 | 10 |

**राजकीय महिला महाविद्यालय, अंबाला शहर**

| कोर्स | कुल सीट | भरी सीट |
|---|---|---|
| बीए | 160 | 34 |
| बीकॉम | 80 | 11 |

#### 30 तक मौका

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अंबाला शहर में कुल 1188 सीट में से 1018 सीट पर दाखिले हो चुके हैं, जबकि 170 सीट खाली रह गई हैं। संस्थान में छह आवेदन आए। इनमें से दो सीट पर दाखिला किया गया। संस्थान में 30 सितंबर तक मेरिट के अनुसार दाखिले किए जाएंगे। इसी तरह अंबाला शहर के कल्पना चावला राजकीय महिला बहुतकनीकी संस्थान में फार्मेसी डिप्लोमा के दो वर्षीय कोर्स के लिए दाखिला होना है। यह दाखिला प्रक्रिया 24 सितंबर से शुरू होने की संभावना है।

# फॉरच्यूनर सवार हमलावरों ने बाइक सवार भाइयों को कुलचने का किया प्रयास, केस

- मामूली झगड़े की वजह से हुआ जानलेवा हमला, पुलिस ने जख्मी युवक की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू की
- तेजधार हथियारों से वार कर किया जख्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

सोमवार देर रात एक फॉरच्यूनर कार सवार तीन युवकों ने बाइक पर जा रहे दो भाइयों पर जानलेवा हमला कर दिया। हमलावरों ने पहले तो उनकी बाइक को टक्कर मारी और फिर गंडासी और डंडों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इसमें एक भाई के दोनों हाथ गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जबकि दूसरे भाई की उंगलियां भी जख्मी हो गईं। पुलिस ने छोटे भाई की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। हमलावरों ने पहले बाइक सवार भाइयों को टक्कर मारी, लेकिन जब वे बच निकले तो दोबारा पीछे से गाड़ी चढ़ाने की कोशिश की। इसके बाद जब दोनों भाई सड़क पर गिर गए तो कार से निकले हमलावरों ने उन पर गंडासी और डंडों से हमला कर दिया। घायल भाइयों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

**कार्यक्रम** आयुष्मान अरोग्य मंदिर बाड़ा में आयुर्वेद शिविर का किया अयोजन

*आयुर्वेद को जन-जन तक पहुंचाने के लिए गतिविधियों का आयोजन किया*

# 300 ग्रामीणों को बांटी गई औषधियां आयुर्वेद को जीवन में अपनाने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

आयुष विभाग द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर बाड़ा में 10वां आयुर्वेद दिवस हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. शशिकांत शर्मा के दिशा-निर्देशन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर आयुर्वेद को जन-जन तक पहुंचाने हेतु विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान धनवंतरी पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा किया गया। निशुल्क आयुर्वेदिक व्याख्यान में डॉ. समिधा शर्मा ने जन-जन के लिए आयुर्वेद और पृथ्वी के लिए समाधान विषय पर सरल भाषा में विचार प्रस्तुत किए और आयुर्वेद की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि ग्राम सरपंच के प्रतिनिधि गुरमीत, ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच तथा विशिष्ट अतिथि ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विकास बेघल ने भी ग्रामवासियों को पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को अपनाने हेतु प्रेरित किया।



अंबाला। शिविर की शुरूआत पर भगवान धनवंतरी की पूजा करते आयुष विभाग के कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

#### औषधीय पौधों की प्रदर्शनी

कार्यक्रम के अंतर्गत औषधीय पौधों की प्रदर्शनी, आयुर्वेदिक स्वास्थ्य जांच शिविर एवं औषधि वितरण की व्यवस्था की गई। स्वास्थ्य शिविर में कुल 350 ग्रामीणों ने भाग लिया। उन्हें टॉनिक एवं बलवर्धक आयुर्वेदिक औषधियां वितरित की गईं। शिविर में डॉ. दर्शन, नितिन, राजेश, जयप्रकाश ने दवाओं का वितरण किया। अंत में डॉ. समिधा शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए आयुर्वेद को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। इस आयोजन ने यह सिद्ध किया कि आयुर्वेद केवल चिकित्सा पद्धति नहीं, बल्कि एक समग्र जीवनशैली है, जो व्यक्ति और पर्यावरण दोनों के लिए कल्याणकारी है।